<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

केयर रेटिंग्स ने इरेडा के विभिन्न साधनों को 'स्थिर' आउटलुक के साथ 'एएए' में अपग्रेड किया

नई दिल्ली, 21 जून 2024

रेटिंग एजेंसी केयर रेटिंग्स ने भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के विभिन्न साधनों को एए+ (सकारात्मक) से एएए (स्थिर) में अपग्रेड करने की घोषणा की। यह महत्वपूर्ण अपग्रेड अपने वित्तीय प्रदर्शन को बेहतर बनाने और कॉर्पोरेट प्रशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए इरेडा की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने इस विकास के बारे में टिप्पणी करते हुए कहा कि "एए+ (सकारात्मक) से एएए (स्थिर) में अपग्रेड होना एक मजबूत वित्तीय आधार बनाने, उत्कृष्टता प्राप्त करने और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए इरेडा के समर्पण का स्पष्ट प्रमाण है। यह बढ़ी हुई रेटिंग हमारी कंपनी की बढ़ी हुई साख और कम जोखिम प्रोफ़ाइल को दर्शाती है, जोकि हमें एक और अधिक आकर्षक और विश्वसनीय एनबीएफसी बनाती है। हमारा मानना है कि यह अपग्रेड निवेशकों और हितधारकों के विश्वास को और अधिक मजबूत करेगा और विकास के नए अवसर खोलेगा। हम भारत सरकार, हमारे ग्राहकों और हितधारकों से निरंतर समर्थन के लिए आभारी हैं, और हम अपनी सकारात्मक गतिशीलता को बनाए रखने के लिए तत्पर हैं।"

केयर रेटिंग्स द्वारा किया गया अपग्रेड रेटिंग का विवरण इस प्रकार है :

क्र. सं.	**साधन**	**राशि (₹ करोड़)**	**अपग्रेडेशन रेटिंग**
1.	दीर्घकालिक कर मुक्त बॉण्ड	200	एए+; सकारात्मक से एएए; स्थिर में संशोधित
2.	दीर्घकालिक कर मुक्त बॉण्ड	576.60	एए+; सकारात्मक से एएए; स्थिर में संशोधित
3.	दीर्घकालिक बॉण्ड: (इरेडा ग्रीन बॉण्ड)	700	एए+; सकारात्मक से एएए; स्थिर में संशोधित
4.	दीर्घकालिक बॉण्ड: भारत सरकार की पूर्ण सेवा बॉण्ड	4,000	पुनः पुष्टि से एएए; स्थिर।
5.	दीर्घकालिक कर योग्य बॉण्ड - वित्तीय वर्ष 22 उधार कार्यक्रम	106	एए+; सकारात्मक से एएए; स्थिर में संशोधित
6.	दीर्घकालिक साधन- वित्तीय वर्ष 23 बाजार से उधार कार्यक्रम	3,863.40 (14,900 से घटाया गया)	एए+; सकारात्मक से एएए; स्थिर में संशोधित
7.	दीर्घकालिक कर मुक्त बॉण्ड	250	एए+; सकारात्मक से एएए; स्थिर में संशोधित